दिनांकः 19.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–''एक राष्ट्र–एक चुनाव'' पर कैबिनेट का निर्णय भारतीय लोकतंत्र को और अधिक जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया फैसले का स्वागत।
- केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने की एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत।
- राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने किया आबूधाबी का दौरा–निवेशकों को किया आमंत्रित।
- वर्ल्ड फूड इण्डिया उत्सव का तीसरा संस्करण आज से नई दिल्ली में होगा शुरू।

................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार करना भारतीय लोकतंत्र को और भी जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस प्रयास का नेतृत्व करने और विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की सराहना की है।
इधर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के इस फैसले को चुनाव सुधारों में अभूतपूर्व कदम बताते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से लोकतंत्र और मजबूत होगा तथा चुनाव खर्चे में कमी आएगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस दूरदर्शी निर्णय से देश में विकासात्मक कार्यों को गति मिलेगी और राजनीतिक स्थिरता भी सुनिश्चित होगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कल हुई केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया गया है।

................

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कल नई दिल्ली में एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत की। वित्तमंत्री ने कहा कि योजना में बच्चों के लिए बचत करने पर उच्च रिटर्न का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र के लिए एनपीएस ने शुरूआत से ही औसतन नौ दशमलव पांच प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से रिटर्न दिया है। उन्होंने माता–पिता और अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों के लिए एनपीएस वात्सल्य में निवेश करने पर विचार करने का सुझाव दिया है। एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस के बारे में श्रीमती सीतारमण ने कहा कि मंत्रिमंडल ने हाल ही में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए इसे मंजूरी दी है। यह योजना अगले वर्ष पहली अप्रैल से प्रभावी होगी। वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य योजना सामाजिक सुरक्षा देती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह योजना माता–पिता को बच्चे के नाम पर हर साल न्यूनतम एक हजार रुपये का निवेश करने की सुविधा प्रदान करती है।
इधर, इस योजना को लेकर जोधपुर में लोरडी देजगरा गांव के सत्य भारती उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। योजना की जानकारी देने के लिए बच्चों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। साथ ही गीत संगीत और नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को योजना के बारे में जागरुक किया गया। अजमेर में वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से बच्चों को मुख्य कार्यक्रम से जोड़ा गया।

................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला शुरू की

गई है। इस कड़ी में आज हम सामाजिक कल्याण के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी हासिल करेंगे।

.................

दुबई इन्वेस्टर मीट के सफल आयोजन के बाद उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ के नेतृत्व में राज्य सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कल संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी आबूधाबी का दौरा किया। इस दौरान सरकारी और निजी क्षेत्र की कई बड़ी इन्वेस्टमेंट, एनर्जी और पैट्रोकैमिकल कम्पनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश में व्यापार करने के लिए आमंत्रित किया। इन बैठकों के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने राजस्थान में निवेश के लिए उपलब्ध संभावनाओं और अवसरों की जानकारी दी। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल ने आबूधाबी में इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल ग्रुप के सदस्यों से मुलाकात कर उनसे राज्य में निवेश लाने की संभावनाएं तलाशने का भी आग्रह किया। इन बैठकों के साथ ही ''राइजिंग राजस्थान'' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्राष्ट्रीय आउटरीच का यू.ए.ई. – चरण समाप्त हो गया है। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल अब कतर के निवेशकों और व्यापारिक समुदाय को राज्य में व्यापार करने के लिए आमंत्रित करने के लिए दोहा के प्रवास पर रहेगा।

गौरतलब है कि ''राइजिंग राजस्थान'' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत राज्य सरकार देशी–विदेशी निवेशकों और संस्थाओं को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने के लिए इन दिनों कई देशों के प्रमुख वाणिज्यिक केन्द्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

इधर, प्रदेश में इस समिट के आयोजन और इससे पहले आठ अक्टूबर को जयपुर में होने वाली प्री समिट की व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन के लिए पर्यटन विभाग को सौंपे गए दायित्व के संबंध में कल जयपुर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन शासन सचिव रवि जैन ने अधिकारियों को प्री समिट की व्यवस्थाओं के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिये।

.................

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजि किये जा रहें हैं। इस कड़ी में आज भरतपुर में नगर निगम की ओर से तीस से ज्यादा चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरुकता रैली निकाली जाएगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

झालावाड में नगर परिषद की ओर से अभियान के तहत कल सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें परिषद के सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

.................

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय आज से नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इण्डिया उत्सव का तीसरा संस्करण आयोजित कर रहा है। भारत मंडपम में चार दिन तक होने वाले इस आयोजन के दौरान खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के अलावा संबद्ध क्षेत्रों को प्रदर्शन का मौका मिलेगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में 90 से अधिक देश, 26 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश तथा 18 केंद्रीय मंत्रालय हिस्सा ले रहे हैं। जापान इसका भागीदार देश है, जबकि विएतनाम और ईरान पर विशेष ध्यान केंद्रित रहेगा। इस कार्यक्रम का लक्ष्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार तथा प्रौद्योगिकी और स्थायित्व के प्रयासों में समन्वय करना है। इस अवसर पर निवेश आकर्षित करने के लिये बायर–सेलर मीट भी होगी। वहीं विभिन्न भारतीय व्यंजनों की प्रस्तुति और शैफ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही स्टार्ट अप ग्रैंड चैलेंज 2.0 का आयोजन होगा।

उद्घाटन समारोह में खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू शामिल होंगे।

.................